कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रामपुर

प्रेषक,

स्वेता चौधरी,
सिविल जज(प्रवर वर्ग)/प्रभारी सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
रामपुर।

सेवा में,

जिला सूचनाधिकारी,
जनपद रामपुर ।

पत्रांक : 338/19–डीएलएसए–45/15 दिनांकः नवम्बर 11 ,2019

विषयः *निःशुल्क प्रचार–प्रसार एवं दैनिक समचार पत्रों में न्यूज आईटम हेतु।*

महोदय,

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक 2668/एसएलएसए–5/2002 दिनांकित 26 अक्टूबर, 2019 के निर्देशानुसार जनपद रामपुर में गठित स्थायी लोक अदालत में दिनांक 01.12.2019 का रिक्त होने वाले पेशकार के पद पर नयी नियुक्ति हेतु जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय से सेवानिवृत्त तृतीय श्रेणी कमचारी ही आवेदन कर सकते है। यह स्पष्ट किया जाता है कि चयनित पेशकार की नियुक्ति नियमित वेतनमान में नही की जायेगी न ही उन्हें नियमित वेतनमान के समान मानदेय दिया जायेगा, वल्कि उनकी नियुक्ति शुद्धतया अनुवन्ध के आधार पर अधिकतम 02 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक जो पहले हो, के लिए की जायेगी तथा निर्धारित मानदेय पेशकार रू0 9000–00 प्रतिमाह प्राप्त करेगें। उक्त पद पर साक्षात्कार के आधार पर ही चयन किया जायेगा। उक्त पद पर नियुक्ति माननीय कार्यपालक अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुमोदन के पश्चात् ही की जायेगी।

उपरोक्त पद के लिए पात्र व इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्यदिवस पर दिनांक 20.11.2019 को साय 5:00 बजे तक पूर्ण आत्मवृत सहित अपना आवेदन पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय परिसर, जनपद रामपुर में जमा कर सकतें है। उक्त के सम्बन्ध में दिनांक 28.11.2019 को सायः 4:30 बजे माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रामपुर के विश्राम कक्ष में साक्षात्कार लिया जायेगा। जिसके सम्बन्ध में प्रथक से कोई सूचना प्रदान नही की जायेगी, जो आवेदक आवेदन पत्र प्रस्तुत करे वे स्वयमेव दिनांक 28.11.2019 को साय 4:30 बजे साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो।

अतः आप उक्त प्रेस विज्ञप्ति का दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन करा कर समाचार पत्रों की कटिंग इस प्राधिकरण को प्रेषित करने का कष्ट करे।

भवदीय

(स्वेता चौधरी)
सिविल जज(प्रवर वर्ग)/प्रभारी सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
रामपुर।

Proforma for the post of Reader

Permanent Lok Adalt

(Established Under section, 22-B of the Legal Services Authorities Act, 1987)

(To.be filled personally by the applicant)

Self attested Photograph

1- Name:..
(Capital Letters)

2- Father's Name:...

3- Present Address:..

....

Mobile No & Landline No..

Email Address..

4- Permanent Address:...

....

5- Date of Birth:..

(Age as on the date of advertisement) Years..............Month............ Days.........

6- Educational Qualifications (attached Self attested documents):

....

7- Disciplinary action/criminal case/convieted, if any, (Provide details on Affidavit:...

8- Experience if any of having worked in any Legal Services Institution (s)/any other Institutions (s):

....

9- Any other Special qualification(s)/achievement:..

Date:

Place:

Signature of applicant